स्पीड न्यूज

## सेन्हा में अवैध शराब बेचने के आरोप में रसोइया गिरफ्तार



**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखंड उत्पाद अधिनियम के तहत बक्सीडीपा चौक से एक युवक को गिरफ्तार कर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा जेल भेजा गया। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा चौक से बांकुड़ा जिला अंतर्गत इंद्रपुर थाना क्षेत्र के भुताम निवासी सुभाष मंडल के 32 वर्षीय पुत्र दुर्योधन मंडल को सेन्हा थाना पुलिस द्वारा झारखंड उत्पाद अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। बताया जाता है कि भुताम निवासी दुर्योधन मंडल लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित अरू नेतरहाट ढाबा में रसोइया का कार्य करता था। और पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था कि नेतरहाट ढाबा में अवैध शराब क कारोबार हो रहा है। जिसपर जिला से छापेमारी टीम गठित कर कारवाई किया गया था। जिसमें अंग्रेजी शराब के साथ ढाबा संचालक को गिरफ्तार कर कारवाई करते हुए होटल संचालक को जेल भेजा गया था। लेकिन शराब बिक्री में दुर्योधन मंडल की संलिप्ता बताते हुए इसके विरुद्ध भी कारवाई किया गया। इस संदर्भ में ए एस आई जमशेद खान ने बताया कि शराब बिक्री के आरोपी दुर्योधन मंडल की तलाश पुलिस लम्बे समय से कर रही थी। इसी बीच बक्सीडीपा चौक में आरोपी के होने की गुप्त सूचना प्राप्त होते ही त्वरित कारवाई कर मंगलवार को गिरफ्तार कर मेडिकल जांचोपरांत मंडलकारा लोहरदगा भेजा गया।

## डकैती कांड का वांछित धराया

**कैरो।** डकैती के कांड में पिछले कई सालों से फिरार के विरुद्ध जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश लोहरदगा के द्वारा एसटी 228/2001 कुडु पीएस केस ल्लङ्क -82/97 धारा-395 भादवि के तहत स्थाई वारंट जारी किया था। इसी वारंट में वारंटी श्याम महली पिता स्वर्गीय खेदन महली ग्राम कैरो को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली के द्वारा संध्या गस्ती के दौरान घर से गिरफ्तार किया गया। जिन्हें जेल भेजा जा रहा है। यह बहुत सालों से पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए कोलकाता भाग गए थे।

## स्कूल में बनेगा शौचालय : आलोक



**भंडरा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ब्राह्मणडीहा गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से मुलाकात की। ग्रामीणों के साथ वहां पर स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय पहुंचकर वहां के प्राचार्य ,शिक्षकों एवं छात्र- छात्राओं से मुलाकात किया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि यहां 770 छात्र हैं जिसमें लगभग 400 छात्राएं पड़ती है ।यहां बालिकाओं के लिए मात्र 2 शौचालय है जो जर्जर अवस्था में है। यहां बालकों के लिए शौचालय नहीं है जिसके कारण छात्र- छात्राओं को शौचालय जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । प्राचार्य ने बताया कि यहां प्रथम तल्ला में 3 कमरा है जिसमें बच्चों की पढ़ाई किया जाता है ।प्रथम तल्ला में जाने के लिए जो शिढी.है वह काफी जर्जर अवस्था में है वह कभी भी ध्वस्त हो सकता है जिसके कारण प्रथम तल्ला में पढ़ाई बंद हो जाएगा और दुर्घटना से इनकार भी नहीं किया जा सकता है ।मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने श्री साहू से बालक एवं बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय बनवाने एवं जर्जर सीडी को बनवाने की मांग किए। श्री साहू मौके पर छात्राओं के साथ जर्जर शौचालय एवं शिढ़ी का निरीक्षण किए ।मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि प्लस टू उच्च विद्यालय होने के कारण बच्चे- बच्चियों का अलग-अलग शौचालय होना अनिवार्य है। मौके पर से ही श्री साहू ने लोहरदगा उपायुक्त एवं लोहरदगा जिला शिक्षा अधीक्षक से वार्ता कर यहां की समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र शौचालय एवं जर्जर सीडी बनवाने की बात कहे। उपायुक्त ने सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिए। मौके पर कांग्रेस नेता विजय उरांव, प्राचार्य दीप्ति किंडो ,लूथेर उरांव,धीरज कुमार सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## राशन में गड़बड़ी पर होगी कार्रवाई



कैरो। प्रखंड सभागार में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुनील चन्द्र कुंवर की अध्यक्षता में जनवितरण संचालक दुकानदारों के साथ समीक्षात्मक बैठक किया गया। जिसमें आधार कार्ड सीडिंग, समय से दुकान खोलने, नियम संगत वितरण करने सहित कई निर्देश दिया गया। बीसीओ सुनील कुंवर ने कहा कि हर हाल में लाभुकों को सही समय पर और सरकार को गाइडलाइन के अनुसार ही वितरण करना सुनिश्चित करें। अगर वितरण करने में किसी तरह : की लापरवाही होती है तो कतई बर्दास्त नही किया जाएगा। मौके पर प्रदुमन सिंह, सोमनाथ महली, जीतबाहन हजाम, खुर्सीद अंसारी सहित जनवितरण संचालक मौजूद थे।

# डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं

## कई मामलों के निराकरण को लेकर अधिकारियों को दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में जिले के दूरदराज के इलाकों से पहुंचे लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु अधीनस्थों को निर्देश दिया। जनता दरबार में विशुनपुर प्रखंड के वेठहट निवासी राजकिशोर खेरवार के द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया गया कि उनके पुत्र दशरथ को गुमला जेल से घाटशिला जेल भेज दिया गया था। उसी क्रम में कोविड-19 से दिनांक 26.01.2021 को जमशेदपुर के अस्पताल में मौत हो गई। आवेदक द्वारा कोविड-19 में मृत पुत्र को अनुदान अनुग्रह राशि भुगतान की मांग की गई। वहीं सिसई प्रखंड के डाड़हा निवासी राधिका देवी ने आवेदन समर्पित कर बताया कि उनके पति की मृत्यु दिनांक 08.05.2021 को कोविड-19 के दौरान हो गई है। जिसकी अनुदान अनुग्रह राशि भुगतान की मांग की है। इस पर उपायुक्त ने अपर समाहर्ता को आवश्यक कर्रवाई करने का निर्देश दिया। बसिया प्रखंड के निनई के

**दो परिवार के सदस्यों ने कोरोना से मौत के बाद राशि की मांग की बसिया प्रखंड के निनई गांव में बालू के खनन से सड़क खराब होने की ग्रामीणों ने की शिकायत**

ग्रामीणों द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया कि लुंगटु पंचायत में अत्याधिक मात्रा में बालू एवं पत्थर का खनन किया जा रहा है। जिससे मुख्य पथ की स्थिति खराब हो रही है। ग्रामिणों को आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा इस पर उचित कर्रवाई करने का मांगा की गई। उपायुक्त ने इस पत्र को संबंधित पदाधिकारी को जांच कर कर्रवाई करने का निर्देश दिया गया। रायडीह प्रखंड के लालमाटी निवासी ग्रामिणों द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया कि ग्राम लालमाटी, टुडुरमा से सोकराहातु के बीच सड़क काफी खराब है। जिसके कारण ग्रामिणों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा शीघ्र सड़क निर्माण कराने का मांग की गई। इस पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कर्रवाई करने का निर्देश दिया गया।



जनता दरबार में महिला की फरियाद सुनते उपायुक्त सुशांत गौरव।

गुमला प्रखंड के कुकरूंजा कोरवा टोली हरदी कोना ग्रामीणों द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया कि हरदी कोना में धुमकुड़िया भवन नहीं है। ग्रामीणों द्वारा धुमकुड़िया भवन निर्माण कराने का अनुरोध किया गया। इस संबंध में उपायुक्त ने आवेदन पत्र को जिला कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक कर्रवाई करने का निर्देश दिया गया। गुमला प्रखंड के बिरसा एकेडमी आफ एथलिटिक्स खरका के खिलाड़ियों द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया कि यह संस्था 2015 से स्थापित है। कुल 55 खिलाड़ियों का नामांकन है। एथलिटिक्स में खिलाड़ियों के लिए शौचालय एवं पानी की असुविधा है। खिलाड़ियों द्वारा शैचालय एवं पानी उपलब्ध कराने की मांग की गई। आवेदन पत्र को संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कर्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे राशन कार्ड, भूमि संबंधित, मुआवजा भुगतान, मानदेय भुगतान, संबंधित नागरिकों के व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को कर्रवाई करने हेतु भेजने का निर्देश दिया गया।

# उपलब्धियों पर आधारित झांकियां निकाली जायेंगी

**गुमला के उपायुक्त व एसपी ने किया गणतंत्र दिवस समारोह के पूर्वाभ्यास का निरीक्षण**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर मंगलवार को परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास में उपायुक्त सुशांत गौरव और पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारिब ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की समीक्षा की।

साथ ही पूर्वाभ्यास परेड की सलामी ली परेड में शामिल टुकड़ियों आकर्षक एवं भव्य परेड का स्वरूप प्रदर्शित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में विभागीय कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों पर आधारित श्रेष्ठ झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न प्लाटून के द्वारा किए जाने वाले परेड में सीआरपीएफ, जिला सशस्त्र बल, सहायक पुलिस (महिला एवं पुरुष), होमगार्ड, एनसीसी, विभिन्न स्कूलों के छात्रों की टुकड़ी शामिल होंगे। इसी क्रम में उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस के तैयारियों को लेकर समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभाकक्ष में जिला शिक्षा पदाधिकारी , जिला शिक्षा अधीक्षक , जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में तैयारी से संबंधित सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने झांकी , परेड, समय सारणी एवं अन्य कार्यक्रमों के विषय में आवश्यक दिशा निर्देश दिया ।

## सड़क निर्माण को ले अधिग्रहित जमीन की मुआवजे की मांग



**डुमरी।** भीखमपुर रोड से छोटाकटरा होकर केराकोना तक सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसको लेकर छोटाकटरा के ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है की भिखमपुर रोड से छत्तीसगढ़ सीमान गाटी झरिया तक उच्च पथ का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें राजस्व ग्राम छोटाकटरा का भी जमीन पड़ता है। सड़क निर्माण कार्य के लिए भूमि अधिग्रहण भी कर लिया गया है। लेकिन इसकी पूर्ण जानकारी रैयतों को नहीं है। जिसका लिखित आवेदन उपायुक्त गुमला सहित अन्य पदाधिकारियों को भी दे दी है। सड़क निर्माण में लगभग 40 रैयतों के पड़ने वाले जमीन का उचित मुआवजा समय से देने की मांग की गई अन्यथा मजबूरन ग्रामीण निर्माण कार्य को बंद करने हेतु विवश होंगे। मौके पर कामेश्वर उरांव, मोहन उरांव, आकाश भगत टोप्पो, धनंजय भगत, सिकंदर उरांव, भिखारी ठाकुर, सुखसाय उरांव, जीवनंदन उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## डीसी और एसपी ने किया परेड रिहर्सल का निरीक्षण



**लोहरदगा।** गणतंत्र दिवस को लेकर परेड का फाइनल रिहर्सल मंगलवार को बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम के मैदान में हुआ। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने परेड का निरीक्षण किया। परेड में जिला आरक्षी बल की दो (पुरुष-01, महिला-01), गृह रक्षा वाहिनी का 01 (पुरुष), सहायक पुलिस बल की 02 (पुरुष-01, महिला-01), नवोदय विद्यालय से एनसीसी की 02 , नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय लोहरदगा से एनसीसी की (बालक), उर्सलाइन बालिका उच्च विद्यालय से गाईड की टुकड़ी और कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा से टुकड़ी शामिल हुईं।

# पीएमएफइ को लेकर टास्कफोर्स गठित

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइज(पीएमएफइ) योजना के जिला स्तरीय टास्क-फोर्स कमिटी गठन करने के संबंध में बैठक हुई। टास्क-फोर्स कमिटी गठन का मुख्य उद्देश्य जिले में खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना करना है। इस सम्बन्ध में जिला उद्यमी समन्वयक सुरज कुमार द्वारा बताया गया जिले में किसानों को पीएमएफई योजना से जोड़कर छोटे-छोटे इकाई मिनी राईस मिल, मिनी दाल मिल, तेल मिल, केचअप इमली प्रोसेसिंग इकाई, चिरौंजी प्रोसेसिंग इकाई, पोटेटो चिप्स, ड्राई भेजिटेबल,पापड़ बनाना, चावल,जामून प्रोसेसिंग इकाई (सिरका वपाउडर), आटा व आम प्रोसेसिंग इकाई स्थापित की जा सकती है। उपायुक्त द्वारा जिला टास्क-फोर्स कमिटी के सदस्यों को बताया गया कि खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा आत्मनिर्भर भारत योजना के क्रियान्वयन हेतु जिले में टास्क-फोर्स कमिटी गठन किया जा रहा है।, जिससे कि जिले के किसानों को पीएमएफई योजना से जोड़ते हुए छोटे-छोटे इकाई स्थापित कराते हुए जिले रोजगार सृजन के साथ आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उपायुक्त द्वारा जिला टास्क-फोर्स कमिटी के सदस्यों में जिला उद्यान पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिले के स्ट्रॉबेरी एवं मशरूम, सब्जी से किसानों को पीएमएफई योजना से जोड़ा जाए एवं उनके उत्पादों को अच्छे डिजाईन एवं पैकेजिंग के साथ विपणन करने में फैसेलेट किया जाय साथ ही जिले के ओपीओडी के इकाई स्थापना हेतु आवेदन 7 दिनों में उपलब्ध कराया जाय। उपायुक्त द्वारा अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं जिला उद्यमी समन्वयक को निदेश दिया गया कि बैंको में प्रेषित आवेदन को ससमय स्वीकृत व भुगतान कराते हुए आईपीआरडी के माध्यम से दैनिक अखबारों पर योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए जिले के किसानों को योजना से जोड़ते हुए लाभ दिया जाय।

# लोहरदगा जिप की बैठक में लिये गये कई निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला परिषद की बैठक रीना कुमारी, अध्यक्ष, जिला परिषद, लोहरदगा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों का अभिवादन हुआ तथा गत बैठक की संपुष्टि एवं अनुपालन किया गया। जिप अध्यक्ष लोहरदगा के कार्यालय कक्ष का इंटीरियर काम की स्वीकृति दी गई । स्वास्थ्य केन्द्र कैरो का नया भवन बनने तक प्रखंड परिसर अवस्थित अन्य भवन में संचालित करने का निर्णय लिया गया। इस आशय सिविल सर्जन लोहरदगा एवं बीडीओ को अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। जिले में निर्मित जलमीनार का सर्वे करने का निर्देश सभी बीडीओ को दिया गया ताकि इससे पता चल सके कि जिल में कितने जल मीनार कार्यान्वित हैं एवं कितने खराब है एवं उसे ठीक कराया जा सके।



जिला परिषद के सात स्थायी समिति का गठन किया गया जिसमें जिला परिषद सदस्यों में से प्रत्येक समिति में अध्यक्ष का चयन किया गया। जिला परिषद के परिसंपत्तियां जिनकी मरम्मति की आवश्यकता है, का निरीक्षण कर प्राक्कलन तैयार करने का निदेश जिला अभियन्ता, जिला परिषद् को दिया गया।किस्को प्रखण्ड अन्तर्गत फुलझर नाला पर चेकडेम निर्माण योजना में ग्रामीणो/रैयतो के साथ समन्वय बनाकर कार्य प्रारम्भ करने का निदेश लघु सिंचाई प्रमण्डल को दिया गया।डाकबंगला लोहरदगा में बिजली एवं पानी हेतु बोरिंग करने का निदेश दिया गया। बैठक में पेयजल, आपूर्ति, कल्याण, आरईओ, विशेष प्रमंडल, कृषि, स्वास्थ्य, पंचायती राज, विद्युत, समाज कल्याण, शिक्षा आदि विभागो की समीक्षा की गई।

**जिला परिषद अध्यक्ष ने जलमीनार का सर्वे करने का दिया निर्देश**

बैठक में उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी समीरा एस, जिला परिषद् उपाध्यक्ष विनोद उराँव, जिला परिषद सदस्य, सुखदेव उराँव, गंगोत्री देवी, राधा तिर्की, संदीप कुमार, रूबी देवी, राजमनी उराँव, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, सभी प्रखंड प्रमुख, कार्यपालक पदाधिकारी कनकलता भानू एक्का, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सिविल सर्जन, समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधक, जिला कृषि पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता, सहायक अभियन्ता, विद्युत प्रमण्डल, कार्यपालक अभियन्ता, विशेष प्रमण्डल, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, सहायक अभियन्ता, आरईओ, सभी बीडीओ, जिला लोहरदगा, प्रधान सहायक जिला परिषद् आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## गणतंत्र दिवस समारोह में पांच हजार छात्र लेंगे हिस्सा



**गुमला।** गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूली छात्र छात्राओं की अधिक से अधिक सहभागिता को लेकर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ तथा शहरी क्षेत्र के विद्यालयों के प्रधानाचार्य या वरीय शिक्षकों के साथ बैठक की। उपायुक्त के निर्देश पर आहूत इस तैयारी बैठक में निर्णय लिया गया कि गणतंत्र दिवस पर्व के जिला स्तरीय आयोजन में शहर के छात्र छात्राएं सम्मिलित होंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि एसएस प्लस टू विद्यालय, एसएस बालिका विद्यालय, राजेंद्र व्यास मध्य विद्यालय, शिशु मंदिर, सेंट पैट्रिक, नेट्रोडम, डीएवी, लूथरन, इग्नासियस व कॉन्वेंट विद्यालय आदि 10 प्रमुख विद्यालयों के 5000 छात्र-छात्राएं अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित हो रहे मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन की सोच है कि राष्ट्रीय पर्वों के आयोजन के दौरान अधिक से अधिक बच्चों की सहभागिता से उनमें राष्ट्रप्रेम और महापुरुषों के प्रति श्रद्धा की भावना जागृत होती है, इसलिए स्कूली बच्चों को गणतंत्र दिवस आयोजन पर आमंत्रित किया जा रहा है। इस बैठक के दौरान संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य व शिक्षक मौजूद थे।

## कुएं से पुलिस ने व्यक्ति का शव किया बरामद

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के नाथपुर गांव में सोमवार देर रात 10 :00 बजे पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद कर थाना ले आयी। मंगलवार को मृतक का शव पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया । नाथपुर ग्राम निवासी सुरेंद्र लोहरा ने मंगलवार को बताया कि मृतक का नाम अनिल लोहरा है ।मैं उसका मौसा हूं। अनिल बिशनपुर के हेलता गांव का रहने वाला है । बीते गुरुवार को अनिल लोहरा नशे की हालत में नाथपुर मेरे घर पहुंचा था और वह जगनू टोली जाने की लगातार बात कह रहा था। लेकिन नशे के हालत के कारण उसे खाना खिला कर घर में सुलाया गया। वह गुरुवार की रात कब निकला इसकी किसी को जानकारी नहीं हुई। लगातार उसे खोज बिन की जा रही थी फिर भी उसका पता नहीं चल पाया। सोमवार की देर शाम गांव के ही जतरा उरांव के कुआं में एक शव देखा गया जिसके बाद इसकी सूचना घागरा पुलिस को दी गई शव निकालने के बाद पता चला कि उक्त शव अनिल लोहरा का है।

## पेड़ को दूसरे ग्रामीणों को सौंपने का आरोप

गुमला। गुमला सदर प्रखंड के तेलगांव पंचायत के कोनाटोली के ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर लाह पेड़ को अवैध रूप से वन विभाग के द्वारा आवंटित किये जाने की शिकायत की है। ग्रामीणों का कहना है कि वे वर्षों से लाह पेड़ लगा रहे हैं और उसी से उनका जीविकोपार्जन होता है। ग्रामीणों ने कहा कि 16 जनवरी को डीएफओ श्रीकांत व गुमला विधायक के द्वारा लाह के पेड़ को दूसरे लोगों को आवंटित कर दिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि विधायक के कहने पर जिस पेड़ पर वे लाह लगाते थे उसे वन विभाग के द्वारा गलत तरीके से आवंटित करा दिया गया। ग्रामीणों ने उपायुक्त से पेड़ वापस उनको लाह खेती हेतु दिलाने की मांग की। इस अवसर पर राजेश सिंह, प्रदुमन सिंह, सोनू सिंह, देवकुमार सिंह, जयंती देवी, द्रोपदी देवी, करमा सिंह, रोहनी देवी, झरिया सिंह, मन कुंवर सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जनजातीय स्वधर्म जागृति सम्मेलन को ले बैठक



**चैनपुर।** स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में आगामी 15 फरवरी को होने वाली जनजातीय स्वधर्म जागृति सम्मेलन को लेकर बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर आवश्यक चर्चा की गई। विदित हो कि इस सम्मेलन में चैनपुर, डुमरी व जारी से सैकड़ों की संख्या में सरना एवं सनातन धर्मावलंबी मौजूद रहेंगे। कुलदीप कुमार और मनोहर बड़ाईक ने संयुक्त रूप से कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच में धार्मिक चेतना को जागृत करते हुए सरना और सनातन को एक धागे में पिरोए रखना है। आगे उन्होंने बतलाया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संपर्क प्रमुख श्री अनिल ठाकुर, विश्व जनजाति विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ रविंद्र नाथ शर्मा, आदिवासी साध्वी राजमती उरांव दीदी, झारखंड प्रदेश संत समाज के संगठन मंत्री स्वामी दिव्यज्ञान जी, उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से कुलदीप कुमार, मनोहर बड़ाईक, संतोष केशरी, राजन पाण्डेय, अमित किशोर पाण्डेय, भूषण सिंह, मनोज कुमार, नीरज मौर्य, सचिन कुमार, रंजीत कुमार, रवि गुप्ता, अरविंद मौर्य सहित कई सनातन धर्मावलंबी मौजूद थे।

## सिसई में सर्पदंश से युवती बीमार, अस्पताल में भर्ती

गुमला। सिसई थाना क्षेत्र के दिगदोन रेडवा गांव निवासी मनु खड़िया का 17 वर्षीय पुत्री सरबीना किंडो को जहरीले सांप ने डस लिया। जिसे उसकी तबीयत अचानक खराब होने लगी। परिजनों ने आनन-फानन में सदर अस्पताल गुमला में उसे भर्ती कराया है। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि घर के सामने खेती में पटवन करने के लिए गई हुई थी। जहां दोपहर लगभग 1:00 बजे जहरीले सांप ने दाहिने पैर पर डस लिया। वहीं परिजनों के द्वारा सूचना पर गुमला प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष गुलाम सरवर सदर अस्पताल पहुंचे जहां पीड़ित से मिलकर हाल जाना और परिजनों को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया।

## रायडीह में झंडारोहण का समय निर्धारित

**रायडीह।** गणतंत्र दिवस के अवसर परध्वजारोहण का समय सारणी तय किया गया है। सर्वप्रथम प्रखण्ड मुख्यालय स्थित स्वत्रंता सेनानी शहीद बख्तर साय मुंडल सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण 8:45 बजे, महिला विकास मंडल रायडीह परिसर मे प्राता 9:05 बजे, लैम्पस परिसर 9:15 बजे, बीआरसी कार्यालय 9:20 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रायडीह 9:30 बजे, वन परिसर रायडीह 9:45 बजे,रायडीह थाना 10:05 बजे, प्रोग्रेसिव फ्यूल सेंटर रायडीह में 10:15 बजे एंव प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर मे प्राता 10:30 बजे झंडो तोलन का समय तय किया गया।

## दो बाइकों की भिडंत में एक की मौत, तीन घायल

**गुमला।** टोटो रोड बैरटोली के समीप दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में एक की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर। नवाडीह टोटो निवासी 50 वर्षीय समय लोहरा अपने दामाद 25 वर्षीय लोहरा के साथ बाइक में सवार होकर टोटो बाजार आया हुआ था। वापसी के क्रम में बैरटोली के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार से भिड़ंत हो गई। जहां अन्य बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य बाइक सवार की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। भिड़ंत इतनी तेज थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। रास्ते से गुजर रहे डीएसपी प्राण रंजन ने बॉडीगार्ड की सहायता से सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि अगर हेलमेट पहने होते तो जान नहीं जाती और सुरक्षित होते। आज यही कारण है कि लोग हेलमेट नहीं पहन रहे हैं और अपना जान जोखिम में डालते हुए बाइक से सफर कर रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### रमकंडा प्रखंड के एक दर्जन से अधिक ने थामा झामुमो का दामन



गढ़वा। विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर एक दर्जन से अधिक लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंगलवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी लोग पार्टी में शामिल हुए। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला पहनाकर झामुमो में शामिल किया। इस दौरान रमकंडा प्रखंड के पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी मनोज भुईहर, भाजपा नेता छठन राम व विराजपुर निवासी राजद नेता रोजिद मंसूरी अपने दर्जनों समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए। श्री ठाकुर ने कहा कि आज हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में किए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर गढ़वा सहित पूरे राज्य में काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। सभी क्षेत्रों में कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को सुने एवं उसे दूर करने की पहल करें। साथ ही राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दें तथा उसका लाभ लोगों को शत-प्रतिशत मिल सके यह सुनिश्चित करें। मौके पर झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, अनिता दत्त, रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता, अरविंद यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### डीसी ने लिया झंडारोहण स्थल का जायजा



गढ़वा। डीसी रमेश घोलप एवं एसपी अंजनी कुमार झा ने मंगलवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर गोविन्द उच्च विद्यालय के मैदान में किए जाने वाले ध्वजारोहण, परेड, राष्ट्रगान एवं अन्य निर्धारित कार्यक्रमों के पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी व एसपी ने गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाले कुल आठ प्लाटून का परेड निरीक्षण किया। परेड पूर्वाभ्यास में सीआरपीएफ गढ़वा, जिला बल गढ़वा, गृह रक्षा वाहिनी गढ़वा, एसआईएस बेलचंपा, एनसीसी नामधारी कॉलेज गढ़वा, जीएन कान्वेंट स्कूल गढ़वा, केजीबीवी मेराल गढ़वा एवं राजकीय मध्य विद्यालय चिरौंजिया, ने भाग लिया। मौके पर डीसी श्री घोलप ने प्रतिभागियों द्वारा कार्यक्रमों में बेहतर प्रस्तुति देने, अच्छा प्रदर्शन करने एवं कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी राजेश कुमार राय, एसी पंकज कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन, गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम, जिला स्तर के अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### केतार मवि में पोशाक का वितरण



केतार। मध्य विद्यालय में कक्षा एक एवं दो के छात्र-छात्राओं के बीच केतार के मुखिया प्रमोद कुमार, उप मुखिया संजय पाल एवं प्रधानाध्यपक देवेन्द्र कुमार ने 66 बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया। यह पोशाक वैसे छात्रों को दिया गया जिनका ड्रेस का पैसा खाते में नहीं आया। मौके पर जयशंकर प्रसाद, राजकुमार पाठक, राजू सिंह, प्रेम कुमार, संतोष कुमार, अजय कुमार, मनोरंजन कुमार, सुधा कुमारी आदि उपस्थित थे।

### बालिका दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



गढ़वा। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मंगलवार को जन शिक्षण संस्थान विकास भारती गढ़वा के तत्वावधान में शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में एक कार्यक्रम हुआ। इस दौरान छात्राओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून के अधिकारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कौशल विकास प्रशिक्षण गढ़वा के सौरभ कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर सहायक शिक्षक नीरज श्रीधर, निदेशक अनिर्बन राय, प्रोग्राम सहायक राकेश पाठक, सोना सिंह, एमआईएस मिथलेश, मोबिलाइजर अभिजीत पाठक, अकाउंटेंट सतेन्द्र सिन्हा, कृष्ण ठाकुर, चिन्ता देवी, प्रिया, मृणालिनी चक्रधारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

जयनगर (कोडरमा)। सरस्वती पूजा को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में पूजा समिति व डीजे संचालकों के साथ शांति समिति की बैठक हुई। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने दिशा निर्देश दिया एवं उन्होंने कहा कि विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा शांति सौहार्द के साथ मनाएं। सभी पूजा समिति 10-10 वालंटियर की नियुक्ति करें और हुड़दंग बाजी करने वालों पर नजर रखें और इसकी सूचना प्रशासन को दें। वहीं उन्होंने कहा अश्लील व भड़काऊ गानों पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी। डीजे संचालकों को कड़ी हिदायत दी गई कि साउंड को धीमी आवाज में बजाएं, अश्लील व भड़काऊ गाना ना बजायें। मौके पर एसआई सुनील कुमार,पंचम तिग्गा, एसआई अमित कुमार, एएसआई रामनिवास शर्मा, मुखिया इस्लाम अंसारी, पूजा समिति के सदस्य व साउंड संचालक मौजूद थे।

### झंडारोहण को लेकर प्रखंड कार्यालय में बैठक

सतगावां। प्रखंड सह अंचल सभागार में मंगलवार को वीडियो वैद्यनाथ उरांव की अध्यक्षता में झंडोत्तोलन को लेकर बैठक हुई। झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। मौके पर थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह, डॉ. केडी चौधरी, बीईओ शेख शकील अहमद, कस्तूरबा विद्यालय विभा कुमारी आदि मौजूद थे।

## मंत्री ने किया जननायक कर्पूरी ठाकुर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण

# शहीदों और महापुरुषों के नाम पर सिर्फ राजनीति हुई : ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता



गढ़वा। चिनियां मोड़ पर पुलिस कंट्रोल रूम के समीप मंगलवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया।

श्री ठाकुर ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। उन्होंने समाजवाद की नींव रखी थी। संविधान में दलितों, शोषित एवं पिछड़ों के लिए उपलब्ध अधिकार को लागू किया। कर्पूरी ठाकुर ने पूरे देश की जनता को उनके हक एवं अधिकार के लिए जगाने का काम किया। मंत्री ने कहा कि जैसे पूरे देश में राष्ट्रपिता एक हैं। वैसे ही जननायक भी एक ही हैं कर्पूरी ठाकुर। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की चाबी जनता के हाथ में होती है। झूठ की बुनियाद पर चलने वाले जनप्रतिनिधियों को जनता सबक सिखाएं। मंत्री ने कहा कि आज तक जितने भी जनप्रतिनिधि हुए सिर्फ ठगने का काम किया है। शहीदों व महापुरुषों के नाम पर सिर्फ राजनीति ही किया। उन्हें सम्मान देने का काम किसी ने नहीं किया। गढ़वा जिले में आज तक पलामू की धरती के शहीद क्रांतिकारी नीलांबर, पीतांबर की और न ही महात्मा गांधी की, झारखंड के गांधी कहे जाने वाले जिनके नाम पर आज हम झारखंड स्थापना दिवस मनाते हैं, भगवान बिरसा मुंडा आदि की किसी भी महापुरुष व स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा नहीं लगाई गई। उन्होंने कहा कि नीलांबर, पीतांबर की प्रतिमा स्थापना की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिलान्यास किया था। उस प्रतिमा का 26 जनवरी को अनावरण किया जाएगा। गढ़वा में बहुत ही बेहतर पार्क का निर्माण कार्य चल रहा है। उस पार्क में जल्द ही भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण होगा। मंत्री ने कहा कि गांधी जयंती के मौके पर सभी लोगों को उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम करना पड़ता है। समाहरणालय परिसर गांधी की विशाल आदमकद प्रतिमा लगाई जाएगी। यहां के जनप्रतिनिधि सिर्फ महापुरुषों के नाम पर राजनीति करना जानते हैं। आजादी के बाद आज तक गढ़वा में महापुरुषों की प्रतिमा नहीं लगना बहुत ही दुख की बात है। श्री ठाकुर ने कहा कि वे अपने कार्यकाल में ही सभी महापुरुषों को की प्रतिमा स्थापित कर उन्हें सम्मान देंगे। पूर्व के जनप्रतिनिधि ने सिर्फ नौटंकी किया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, सुप्रिया दुबे, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, संतोष केशरी, अरविंद यादव, अनिता दत्त, रेखा चौबे, सतीश ठाकुर, डा. बीएन ठाकुर, संजय कुमार ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, अनूप ठाकुर, डा. जेपी ठाकुर, कुंदन ठाकुर, राजू ठाकुर, रविंद्र नाथ ठाकुर, दिलीप गुप्ता, राजीव रंजन, फुजैल अहमद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# डीसी व एसपी ने फाइनल रिहर्सल का किया निरीक्षण



कोडरमा। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर बागीटांड़ स्टेडियम में मुख्य समारोह का आयोजन किया जाना है। मुख्य समारोह को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। मुख्य समारोह के सफल क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को डीसी आदित्य रंजन व एसपी कुमार गौरव ने बागीटांड स्टेडियम में गणतंत्र दिवस को लेकर हो रहे तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में डीसी ने समारोह को लेकर जवानों ने परेड का पूर्वाभ्यास किया। परेड पूर्वाभ्यास के निरीक्षण के दौरान डीसी ने मुख्य समारोह के कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए परेड संबंधित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान परेड पूर्वाभ्यास में जिला पुलिस बल, फॉरेस्ट और होम गार्ड के प्लाटून ने भाग लिया। पूर्वाभ्यास का समापन डीसी के नेतृत्व में किया गया। वहीं एसपी ने मौके पर उपस्थित होकर सभी जवानों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही 26 जनवरी को होने वाले परेड को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर एसी अनिल तिर्की, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक व अन्य मौजूद थे।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सात दिवसीय इंडक्शन संपन्न



कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आइक्यूएसी के तत्वधान में आयोजित सात दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रथम सत्र में बी.एड प्रथम सेमेस्टर के पाठ्यक्रम पर चर्चा की गई, जिसमें महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा एवं मनीष पासवान द्वारा पाठ्यक्रम पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के बी.एड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं द्वारा कार्यक्रम का फीडबैक लिया गया, तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. बीसी स्वेन ने सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए नियमित रूप से कक्षाएं करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उषा कुमारी, शमा परवीन, ज्योति कुमारी, खुशबू रानी, कविता कुमारी, पूजा कुमारी एवं महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक मौजूद थे।

### चंदवारा अंचल कार्यालय में म्यूटेशन को ले बैठक



चंदवारा (कोडरमा)। प्रखंड में जमीन खरीद बिक्री के बढ़ते मामले व जमीन विवाद से संबंधित मामले के निष्पादन को लेकर सीओ के न्यायालय में सुनवाई की गई। इस दौरान दाखिल खारिज हेतु प्राप्त ऑनलाइन आवेदन संख्या 1374, 1375, 1383, 1384, 1388, 1400, 1401, 1402, 1403, 1407 की सुनवाई की गई। जिसमें दाखिल खारिज के लिए प्राप्त आवेदनों के विरुद्ध खतियानी रैयत के वंशजों द्वारा आपत्ति दर्ज की गई है तथा कुछ मामले में ऑनलाइन आवेदन के साथ प्राप्त कागजात अधूरा रहने के कारण आवेदकों को जरूरी राजस्व कागजात यथा विक्रेता का लगान रसीद, वंशावली, खतियानी जमीन के मामले में बंटवारा की कॉपी के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। उक्त सभी मामलों में प्राप्त राजस्व कागजात की जांच के पश्चात राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक को दाखिल खारिज के मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सीओ राम रतन वर्णवाल ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को म्यूटेशन दिवस आयोजित किया जा रहा है। मौके पर राजस्व उप निरीक्षक दिनेश राम, धीरेन्द्र कुमार, अनिल कुमार, मनीष राही सहित संबंधित आवेदनकर्ता मौजूद थे।

### सतगावां प्रखंड में डीडीसी ने उप स्वास्थ्य केंद्र का किया शिलान्यास



सतगावां (कोडरमा)। मंगलवार को डीडीसी त्रतुराज ने सतगावां प्रखंड का दौरा कर सर्वप्रथम राजावर सुदूरवर्ती पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। वहीं बताया जाता कि उप स्वास्थ्य केंद्र 55 लाख की लागत से बनेगी, इसके पश्चात उन्होंने डाक बंगला पहुंचकर वहां स्थित पुलिस कैंप के इंस्पेक्टर से मिलकर बात किये एवं कहा की यह डाकबंगला जिला परिषद का है और यहां रहने में किराया जिला परिषद को देना होगा अन्यथा यह डाक बंगला खाली करने होंगे। वहीं उपस्थित इंस्पेक्टर ने एसपी कोडरमा से बात करने की बात कही, इसके पश्चात उन्होंने बैधडीह सिंहास मौजा के समीप सतगावां में बस स्टैंड निर्माण कार्य को लेकर स्थल का निरीक्षण किए। वहीं कटैया पंचायत भवन पहुंचकर पंचायत भवन में गंदगी व डेंटिंग पेंटिंग को देखकर मुखिया प्रतिनिधि श्रवण कुमार को जमकर फटकार लगाया एवं कहा कि यह पंचायत भवन है, यहां लोगों का आना जाना रहेगा, इसे स्वच्छ एवं सुंदर रखें। कटैया पंचायत में भी उप स्वास्थ्य केंद्र को लेकर 55 लाख की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किये। प्रखंड कार्यालय में विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया एवं उपस्थित सदस्यों को कई दिशा निर्देश दिये। मौके पर जिप अध्यक्ष रामधन यादव, बीडीओ बैधनाथ उरांव, सीडीपीओ संतोष कुमार, जिप सदस्या नीतू कुमारी के अलावा दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### बैंक ऑफ इंडिया में लगी अदालत

मरकच्चो। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आदर्श पंचायत चोपनाडीह में एरिया मैनेजर विमलकांत झा के नेतृत्व में बैंक ऑफ इंडिया नवलशाही शाखा द्वारा शाखा अदालत लगाया गया। अदालत में 105 एनपीए खातों का समझौता किया गया, जिसमे कुल 49 लाख रूपए बकाया थे। इस अदालत में मुख्य रूप से एरिया मैनेजर विमलकांत झा, नवलशाही शाखा के शाखा प्रबंधक प्रेरणा प्रियदर्शनी, एरिया ऑफिस से आनंद कुमार एवं नवलशाही शाखा के अधिकारी बिनोद कुमार रजक, सुभाष यादव आदि उपस्थित थे। इस शाखा अदालत में केसीसी, मुद्रा आदि ऋण का बैंक के आकर्षक योजनाओं द्वारा समझौता किया गया, लोक अदालत में जो ऋण धारक एक मुस्त समझौता राशि जमा किया, उसे एरिया मैनेजर के द्वारा नो ड्यूज सर्टिफिकेट भी प्रदान कर दिया गया। वहीं एरिया मैनेजर विमलकांत झा ने पत्रकारों से बताया की इस तरह शाखा अदालत को संचालन करने का बैंक का मुख्य उदेश्य वैसे लोगों को लाभ पहुंचाना है जो आर्थिक तंगी एवं सूखा ग्रसित के कारण ऋण के बोझ के तले तबे हुए हैं।

# शादी का झांसा देकर राजस्थान ले जाते तीन गिरफ्तार

## पुलिस ने कोडरमा स्टेशन से हजारीबाग की महिला को किया बरामद

कोडरमा। शादीशुदा महिला को झांसा देकर दुबारा से शादी करा कर राजस्थान ले जाने के एक मामले का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए कोडरमा स्टेशन से महिला को बरामद करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में विवाहित महिला की ओर से थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है। हजारीबाग के सदर थाना क्षेत्र के काली बाजार की रहने वाली विवाहिता ने पुलिस को दिए। आवेदन में कहा है कि रविवार की शाम गुरुगोविंद सिंह रोड में उसकी मुलाकात राखी नामक एक महिला से हुई थी, जो उसकी पहले से जान पहचान वाली थी और उसकी शादी कराई थी। राखी ने उसे बताया कि यूपी का एक लड़का है, जिससे शादी कर लो और वह उसके झांसे में आ गई। इसके बाद वह उसे लेकर ईचाक मंदिर चली गई। जहां उसकी शादी वृजलाल राठौर के साथ करा दिया गया। शादी के समय उसके साथ रामकिशोर राठौर जिसका ससुराल चंदवारा के ढाब तथा अवधेश कुमार जिसका ससुराल डोमचांच है, दोनों ने समझा बुझाकर उसकी शादी करा दी। शादी? के बाद उसे लेकर वे लोग कोडरमा स्टेशन पहुंचे थे, जहां से लखनऊ का टिकट भी कटवाया था। इस? बीच महिला को अपने बच्चे व पति? की याद आने लगी। वह स्टेशन पर रोने लगी। इसकी सूचना तिलैया पुलिस को मिली, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को कब्जे में लेते हुए तीनों आरोपियों को? गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस महिला दलाल राखी की खोजबीन में जुटी है। गौरतलब हो कि जिले में युवतियों की शादी? कराकर राजस्थान में बेचने के कईमामले पूर्व में भी सामने आ चुके हैं।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर में

### कर्पूरी ठाकुर की जयंती धूमधाम से मनी



टंडवा। प्रखंड नाई समाज टंडवा केरेडारी इकाई के तत्वाधान में मंगलवार को नगर भवन में 99वां जन नायक कर्पूरी ठाकुर जयंती समारोह मनाया गया।जननायक कर्पूरी ठाकुर भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रह चुके थे। लोकप्रियता के कारण उन्हें जननायक कहा जाता था। कर्पूरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी 1924 को भारत में ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के एक गांव पितौंझिया, जिसे अब कर्पूरीग्राम कहा जाता है, में नाई जाति में हुआ था। इनके पिता गांव के सीमांत किसान थे तथा अपने पारंपरिक पेशा नाई का काम करते थे। भारत छोड़ो आन्दोलन के समय उन्होंने 26 महीने जेल में बिताये थे। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाज के कोषाध्यक्ष बसंत कुमार ने किया। इस मौके पर अशोक ठाकुर, केदार ठाकुर, गणेश ठाकुर,अरविंद ठाकुर, अवध ठाकुर, राजेश ठाकुर, निरंजन ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, नंदू ठाकुर, गोविंद ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, सुबोध ठाकुर, तुलेश्वर ठाकुर, तारा ठाकुर,प्रतिमा देवी,भाजप नेत्री रूबी देवी समेत सैकड़ो उपस्तिथ थे।

### महादान है रक्तदान : बिरजू तिवारी



चतरा। जिले के लावालौंग प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को लावालौंग रक्त मित्र परिवार के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 70 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का शुभारंभ जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने रक्तदान कर किया। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने युवा साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्त प्रीतम रूप से बनाए नहीं जा सकता है इंसान के शरीर में सोए ही बनता है। इसकी आकृति कोई अन्य विकल्प नहीं है। रक्तदान को महादान है। वहीं उन्होंने युवा साथियों से अपील किया कि आप सभी थैलेसीनिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान करे। मौके पर जिला परिषद् सदस्य प्रसाद भारती, प्रमुख मनिषा देवी, थाना प्रभारी भोला राम, उपप्रमुख मोहम्मद महबुब आलम, विवेक केशरी, पप्पु कुमार साहू ,पंकज केशरी ,दीपक केशरी समेत अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### डीसी ने कई शाखाओं का किया निरीक्षण



चतरा। उपायुक्त अबु इमरान ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित आपूर्ति शाखा, स्थापना शाखा, सामान्य शाखा, विधि शाखा, जन शिकायत शाखा, नीलाम पत्र शाखा समेत संचालित अन्य शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने समय पर कार्यालय में पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थित, उपस्थित पंजी, कार्यालय के साफ सफाई, लंबित मामले का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही शाखा में कार्य को लेकर मिलने आए आमजन की भी समस्या सुन संबंधित पदाधिकारी को मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड एवं जिला के पदाधिकारी एवं कर्मी ससमय कार्यालय में उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याओं का निष्पादन करें। वहीं मौके पर उन्होंने शाखाओं के जर्जर स्थिति को देख संबंधित पदाधिकारी को मर्रमत्ति कार्य करने का निर्देश दिया।

### चतरा में झंडारोहण को लेकर हुआ पूर्वाभ्यास



चतरा। गणतंत्र दिवस के मौके पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में होने वाले झंडोतोलन-राष्ट्रगान एवं परेड निरीक्षण कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों का उपायुक्त अबु इमरान एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने संयुक्त रूप से जायजा लिया। गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का मंगलवार को पूर्वाभ्यास किया गया। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में निरीक्षण यान पर सवार होकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया गया। कुल 7 प्लाटून द्वारा परेड में भाग लिया गया। इनमें सीआरपीएफ पुरुष, आईआरबी पुरुष, आईआरबी महिला, सशस्त्र बल पुरुष,सशस्त्र बल महिला, गृहरक्षक वाहिनी एनसीसी डीएवी विद्यालय के बच्चे शामिल रहा। परेड निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने झंडोत्तोलन किया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी साथ हीं राष्ट्र गान किया, राष्ट्रगान में उपस्थित पदाधिकारी, स्कूली बच्चों समेत स्टेडियम में उपस्थित सभी ने भाग लिया। इसके अलावे निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर टेंट, मंच, साफ सफाई, स्टेडियम में अतिथियों की एंट्री करने समेत अन्य विषयों को लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम के दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, मुमताज अंसारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, स्थापना उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत पुलिस विभाग के कई पदाधिकारी, स्कूली शिक्षक, छात्र-छात्राएं समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### इटखोरी महोत्सव को लेकर बैठक आज

इटखोरी ।राजकीय इटखोरी महोत्सव के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। महोत्सवको लेकर बुधवार को मां भद्रकाली मंदिर परिसर में एक बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी करेंगे। सीओ सह मां भद्रकाली मंदिर प्रबंध समिति के पदेन सचिव राम विनय शर्मा ने बताया कि बैठक बुधवार को अपराह्न 3:30 बजे होगा। वन प्रमंडल पदाधिकारी, असैनिक शल्य चिकित्सक के साथ भवन प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, विद्युत विभाग, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता तथा जिला पर्यटन पदाधिकारी, सूचना जनसंपर्क विभाग, इटखोरी की प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी बैठक में उपस्थित रहेंगे। मां भद्रकाली मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों को भी बैठक में आमंत्रित किया गया है। बताया गया है कि बैठक में महोत्सव के आयोजन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। महोत्सव 19, 20 एवं 21 फरवरी को होगा।

### सीएस ने किया सीएचसी का निरीक्षण

मरकच्चो (कोडरमा)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ने सीएचसी की विधि व्यवस्था, आरआई टीकाकरण का जायजा लिया। उसके बाद सिविल सर्जन ने चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने आपातकालीन कक्ष, दवा भंडार कक्ष, प्रसव कक्ष आदि का भी जायजा लिया व स्वास्थ कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिये। उसके बाद उन्होंने दरदाही स्वास्थ केंद्र पहुंच कर उसकी साफ-सफाई करवाने की बात कही। साफ सफाई के बाद उसे अविलम्ब चालु करवाने की भी बात की। मौके पर डॉ. बिपिन कुमार, डॉ. सुबोध सिंह समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

